# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 28 मार्च, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

Total Short Notice Question- 8

----

### योजना पूरी कबतक

*127 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राजकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज, शिवहर परिसर की चाहरदीवारी के निर्माण हेतु विभागीय पत्रांक 514, दिनांक 10.07.2018 को निविदा आमंत्रित की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चाहरदीवारी के निर्माण हेतु 167.35 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई थी, परंतु अभी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कार्य योजना को कबतक पूरा करना चाहती है?

----

### नए भवन का निर्माण

*128 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला जेल परिसर में सन् 1667 में निर्मित आवास में 35 से ज्यादा आरक्षी रहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस आवास की जर्जर स्थिति को देखकर दस वर्ष पूर्व भवन विभाग के अधिकारियों द्वारा इसके बदले नये आवास के निर्माण का निर्देश दिया गया था;

(ग) क्या यह सही है कि इस निर्देश के बावजूद अबतक नये भवन का निर्माण नहीं होने पर जान को जोखिम में डालकर किसी तरह जेल आरक्षी इसी जर्जर आवास में रह रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जेल आरक्षी के आवास हेतु नये भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक की मरम्मती

*129 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के कोंच प्रखंड अन्तर्गत गुरारू-अहियापुर पथ से दिग्घी नहर से मंगरौर तक की सड़क काफी जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क एस.एच. से एन.एच. एवं मुख्य रेलवे स्टेशन गुरारू को भी जोड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## डिवाइडर का निर्माण

*130 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत गोला पर स्थित श्री राम जानकी मंदिर से दानापुर बस पड़ाव तक सड़क का अतिक्रमण किये जाने के कारण प्रतिदिन जाम लगा रहता है, जिसके कारण आम लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में क्या

सरकार दानापुर गोला पर स्थित श्री राम जानकी मंदिर से बस पड़ाव तक की सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए डिवाइडर का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

*131 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड की बारह (12) पंचायतों के अवाम को महानंदा नदी पर रैयापुर पुल नहीं होने के कारण कदवा प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने के लिए लगभग 55 कि. की दूरी तय करनी पड़ती है;

(ख) क्या यह सही है कि रैयापुर पुल बन जाने से कदवा प्रखण्ड मुख्यालय की दूरी कम होने के साथ-साथ प० बंगाल आने-जाने में भी सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में रैयापुर पुल का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ एवं नाला का निर्माण

*132 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर परिषद् दानापुर निजामत तकियापर, दीघा, दानापुर के कार्यपालक पदाधिकारी के पत्रांक- 826, दिनांक- 20.03.2021 के द्वारा दानापुर के वार्ड संख्या- 33 में अवस्थित बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ से एम्स एलिवेटेड रोड (दीघा नहर रोड) के पाया संख्या- 242 तक पक्की सड़क एवं नाला निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग को हस्तान्तरण एवं अधिग्रहण हेतु पत्र लिखा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि काफी समय बीतने के बावजूद भी विभाग द्वारा खंड 'क' में वर्णित पथ का निर्माण एवं नाला निर्माण कार्य नहीं हो सका है, जिससे घनी आबादी वाले क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलम्ब वर्णित पथ का निर्माण एवं नाला निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो

कबतक?

----

## सुगम रास्ता तैयार

*133 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) कृया यह सही है कि शिवहर जिला के पिपराही अंतर्गत अम्बा शेखटोली ईदगाह के पास जल जमाव रहता है जिसके कारण आमजनों को घर से बाहर निकलने में बहुत कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जलजमाव दूर करने का उपाय कर आम जनता के लिए सुगम रास्ता तैयार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मछलीपालकों को प्रशिक्षण

*134 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) कृया यह सही है कि राज्य में एकीकृत कृषि प्रणाली के तहत तालाबों के नीचे मछली एवं ऊपर मुर्गी -पालन की योजना को सन् 2019-20 में स्वीकृत किया गया है;

(ख) कृया यह सही है कि इस अभिनव योजना के संबंध में मछलीपालकों को प्रशिक्षित नहीं किये जाने के कारण इसका शुभारम्भ राज्य में कहीं भी नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मछली पालकों को प्रशिक्षित कर खंड 'क' में वर्णित योजना को कार्यान्वित कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----